प्रेस को सूचना नोट **(**प्रेस विज्ञप्ति संख्या **57/2023)**

तत्काल प्रकाशन के लिए

भारतीय दूरसंचार विनियामक प्राधिकरण

"मल्टी-सिस्टम ऑपरेटर्स (एमएसओ) पंजीकरण के नवीनीकरण" पर भादूविप्रा की दिनांक **29.12.2022** की अनुशंसाओं पर एमआईबी के पिछले संदर्भ पर भादूविप्रा की प्रतिक्रिया।

नई दिल्ली **27** जून **2023**: भारतीय दूरसंचार विनियामक प्राधिकरण (भादूविप्रा) ने दिनांक 29.12.2022 को "मल्टी-सिस्टम ऑपरेटर्स (एमएसओ) पंजीकरण के नवीनीकरण" पर अपनी पिछली अनुशंसाओं के संबंध में सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय (एमआईबी) से प्राप्त पिछले संदर्भ पर अपनी प्रतिक्रिया जारी की है।

सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय ने अपने पत्र दिनांक 27.04.2023 के माध्यम से "मल्टी-सिस्टम ऑपरेटर्स (एमएसओ) पंजीकरण के नवीनीकरण" पर भादूविप्रा की अनुशंसाओं का उल्लेख किया है।

परीक्षण के बाद, भादूविप्रा ने एमआईबी की टिप्पणियों/सुझाए गए संशोधनों पर सहमति जताते हुए पिछले संदर्भ पर अपनी प्रतिक्रिया को अंतिम रूप दे दिया है। प्राधिकरण द्वारा पेश किए गए विचारों को भादूविप्रा की वेबसाइट www.trai.gov.in पर प्रस्तुत किया गया है।

किसी भी स्पष्टीकरण/जानकारी के लिए श्री अनिल कुमार भारद्वाज, सलाहकार (बी एंड सीएस), भादूविप्रा से दूरभाष क्रमांक +91-11- 23237922 तथा ईमेल:- advbcs-2@trai.gov.in पर संपर्क किया जा सकता है।

(वी. रघुनंदन)
सचिव, भादूविप्रा